# कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** **Phone: 01352665366**

**पत्र संख्याः** उ0चि0से0च0बो0/परी0/23/2024–25/621 **दिनांकः** 29 जुलाई, 2026

## असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) परीक्षा– 2025

### उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों (बैकलॉग सहित) पदों पर साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों के अभिलेखों के सत्यापन उपरान्त प्राप्त प्रत्यावेनों का निस्तारण

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0/परी0/23/2024–25/521, दिनांकः 14 जुलाई 2025 के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन के अनुक्रम में बोर्ड के पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0/परी0/23/2024–25/396, दिनांक **15 मई 2026** द्वारा असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त **16** पदों हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको का विवरण अनुक्रमांकवार अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया गया तथा चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड कार्यालय के पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0/परी0/23/2024–25/429, दिनांक– **01 जून 2026** द्वारा साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन हेतु लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई थी।

**02–** लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर श्रेणी–उपश्रेणीवार रिक्त एक पद के सापेक्ष तीन गुना अभ्यर्थियों को दिनांक **17 जून 2026 (बुधवार)** को चयन बोर्ड कार्यालय में साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया। अभिलेख सत्यापन हेतु आमंत्रित किये गये अभ्यर्थियों में से कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा वांछित दस्तावेज उपलब्ध न कराने के कारण उन अभ्यर्थियों की सूची पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0/परी0/23/2024–25/533, दिनांक 02 जुलाई, 2026 द्वारा जारी की गई, जिसमें अभ्यर्थियों को उनकी अभ्युक्ति के सापेक्ष प्रत्यावेदन दिनांक 02 जुलाई 2026 से 05 जुलाई 2026 सांय 05.00 बजे तक तक प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया था।

**03–** उक्त के क्रम में अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा लिये गये अंतिम निर्णय निम्नानुसार है–

| क्रम संख्या | अनुक्रमांक | अभ्युक्ति | प्रत्यावेदन निस्तारण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2520241077 | अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में राज्य सरकार के अन्तर्गत कार्यरत होने का दावा किया गया है परन्तु अभिलेख सत्यापन दिवस पर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। | अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित तिथि तक कोई भी प्रत्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। अभ्यर्थी को अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु परीक्षा परिणाम जारी करने की तिथि से तीन माह तक का समय दिया जाता है यदि अभ्यर्थी उक्त अवधि में अभिलेख प्रस्तुत नहीं करती है तो उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 2520241091 | अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी प्रमाण पत्र जो कि दिनांक 14 अगस्त 2025 को निर्गत किया गया है का उल्लेख किया गया है परन्तु अभिलेख सत्यापन के दौरान प्रस्तुत अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी प्रमाण पत्र जो कि दिनांक 20 अगस्त 2025 को निर्गत किया गया है प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत प्रमाण पत्र ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18 अगस्त 2025 के उपरान्त का निर्गत किया गया है, जो कि विज्ञापन के नियम 11–एच में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार मान्य नहीं है। अतः अभ्यर्थी को अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी का लाभ अनुमन्य नहीं होगा। | अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन के साथ दिनांक 20 अगस्त 2025 को निर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत प्रमाण पत्र ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18 अगस्त 2025 के उपरान्त का निर्गत किया गया है, जो कि विज्ञापन के नियम 11–एच में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार मान्य नहीं है। अतः अभ्यर्थी को अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी का लाभ अनुमन्य नहीं होगा। |

ह0/–
(प्रदीप जोशी)
सचिव,
उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड,
देहरादून।